हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

हॉकी मैदान में 14 और 15 को गरबा

दुर्ग। नवनिर्माण समिति द्वारा सिविल लाइन स्थित हॉकी मैदान में 14 और 15 अक्टूबर को गरबा का आयोजन किया गया है। आयोजक और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। इस वर्ष गरबा के उद्घाटन समारोह में **आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी** मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे आयोजन का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन में पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

धर्मपुरा में कवि सम्मेलन 17 अक्टूबर को

दुर्ग। शारदेय नवरात्रि के अवसर पर धर्मपुरा के ग्रामीणजनों के द्वारा साहू पारा में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर सेवा गीत गाकर हिन्दू धर्म की ध्वजा को सतत लहराने का यथोचित काम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में समिति ने 17 अक्टूबर को रात 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। इस कवि सम्मेलन में भिलाई से वरिष्ठ कवि व व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव व छत्तीसगढ़ी भाखा के शीर्ष गीतकार बलराम चंद्राकर, दुर्ग से हास्य विधा के प्रणेता डॉ. संजय दानी व ग़ज़ल कार शाद बिलासपुरी ग्राम निकुम से छत्तीसगढ़ी गीतकार प्यारेलाल देशमुख व धमधा से वरिष्ठ हास्य कवि रामदेव शर्मा अपनी कविताओं से धर्मपुरा की धरती व वहां के निवासियों के दिलों में आनंद व खुशियों की लहरें प्रवाहित करने का प्रयास करेंगे।

सरकारी कर्मचारियों को मोबाइल और डाटा भत्ता भी मिले

भिलाई। सरकारी कामकाज में ऑनलाइन रिपोर्टिंग, पोर्टल पर डाटा एंट्री और योजनाओं की गतिविधियों के फोटो-वीडियो अपलोड करने की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मोबाइल और इंटरनेट का खर्च एक अतिरिक्त बोझ बनता जा रहा है। इस खर्च की भरपाई के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों को मोबाइल और डाटा भत्ता देने की मांग उठाई है। संघ ने 13 अक्टूबर को प्रस्तावित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन मांगों पर विचार कर निर्णय लेने के लिए मुख्य सचिव विकास शील से पहल करने का अनुरोध किया है।


गौटिया पारा समिति, मुर्रा


राम लीला मैदान समिति, मुर्रा


महामाया चौक समिति, मुर्रा


राम लीला चौक समिति, मुर्रा

लंबे समय से टैक्स जमा नहीं करने वाले बकाएदारों के काटे जाएंगे नल कनेक्शन

30% से ज्यादा ऐसे आवास, जिनका हो रहा कमर्शियल उपयोग, रि-असेसमेंट कर नगर निगम वसूलेगा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में राजस्व वसूली को बढ़ाने को लेकर दुर्ग निगम एक्शन मोड में है। बड़े बकाएदारों पर जहां शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं लंबे समय से जिन लोगों ने टैक्स जमा नहीं कराया है। उनके घरों के नल कनेक्शन काटने की तैयारी की गई है। इतना ही नहीं यह बात भी सामने आई है कि शहर में 30 प्रतिशत से ज्यादा ऐसे आवास है, जिन्होंने अपने घर पर ही दुकान खोल रखी है या दुकान बनाकर किराए पर दे रखा है। ऐसी सारी संपत्तियों का रि-असेसमेंट किया जाएगा। टैक्स की लचर व्यवस्था को सुधार के लिए यह तैयारी की जा रही है। इसे लेकर महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त लीना कोसम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर वसूली कार्य में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, बाजार व राजस्व विभाग प्रभारी शेखर चन्द्राकर मौजूद थे।

बैठक में सभी वार्डों के सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा अप्रैल से सितंबर 2026 तक की गई राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिन सहायक राजस्व निरीक्षकों की वसूली बेहद कम पाई गई, उनके प्रदर्शन पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारी आर.के. बोरकर को निर्देशित किया कि वसूली में लगातार कमजोर प्रदर्शन करने एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को वसूली कार्य से पृथक करने की कार्रवाई की जाए।

राजस्व वसूली में लापरवाही पर कर्मचारियों को वसूली कार्य से हटाने के निर्देश



राजस्व वसूलने वाले रहें फील्ड पर, टार्गेट करें पूरा

महापौर एवं कमिश्नर ने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं राजस्व उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड में रहकर बड़े बकायादारों सहित अन्य करदाताओं से अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निगम के राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं और बकाया कर वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इसकी समीक्षा सुनिश्चित की जाए। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

आवासीय भवनों में व्यवसाय करने वालों का होगा पुनर्मूल्यांकन

महापौर ने निर्देशित किया कि जिन वार्डों में आवासीय भवनों का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, ऐसे भवनों को चिन्हांकित कर उनका पुनर्मूल्यांकन (रि-असेसमेंट) किया जाए। नियमानुसार कर का निर्धारण करते हुए आवश्यकतानुसार संपत्ति कर में वृद्धि की कार्रवाई की जाए, ताकि निगम को नियमानुसार राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने बड़े बकायादारों द्वारा बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद टैक्स जमा नहीं करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर बकायादारों के नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में राजस्व विभाग के प्रभारी शेखर चंद्राकर ने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं राजस्व उपनिरीक्षकों को राजस्व वसूली का कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर करदाताओं से संपर्क करें और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें।

हर दुकानदारों को लाइसेंस लेना आवश्यक

शेखर चंद्राकर ने कहा कि आवासीय भवनों में व्यवसाय संचालित करने वालों को चिन्हांकित कर इसकी जानकारी लाइसेंस शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि संबंधित व्यवसायियों को नियमानुसार लाइसेंस प्रक्रिया के दायरे में लाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप हो तथा जहां लाइसेंस अनिवार्य है, वहां लाइसेंस लेना सुनिश्चित कराया जाए। महापौर अलका बाघमार एवं कमिश्नर लीना कोसम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए निगम की आय बढ़ाने और राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी प्रयास करें।

दिसंबर तक करदाताओं को मिलेगी दो प्रतिशत की छूट

वर्ष 2026-27 का टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को अक्टूबर से दिसंबर महीने तक 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इससे पहले एक अप्रैल से 30 जून तक 6 प्रतिशत की छूट दी गई। वहीं जुलाई से सितंबर तक 4 प्रतिशत की छूट दी गई। वहीं जनवरी से मार्च 2027 तक कोई छूट नहीं मिलेगी। इसके बाद टैक्स जमा करने की स्थिति में निगम 10 प्रतिशत तक अधिभार वसूलेगा। निगम द्वारा प्रतिवर्ष समेकित, संपत्तिकर, सफाई टैक्स, जल कर, भूभाटक सहित अन्य प्रकार के टैक्स वसूली करता है, इससे निगम को करीब 38 करोड़ रुपए मिलते हैं।

वोट चोरी के खिलाफ हुए प्रदर्शन में दुर्ग जिले के कांग्रेसी भी हुए शामिल



दुर्ग। लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन में दुर्ग जिले के भी कांग्रेसी शामिल हुए। प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, दुर्ग से जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल व मुकेश चंद्रकार सहित अन्य मौजूद थे। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा चुनावी प्रक्रिया में लगातार अनियमितताओं और वोट चोरी के खिलाफ कॉन्स्टिट्यूशन क्लब से सुप्रीम कोर्ट तक निकाले गए इस विशाल आंदोलन में छत्तीसगढ़ से विशेष रणनीति और कमान संभालते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। राकेश ठाकुर ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुरजोर विरोध जारी है। ज्ञानेश कुमार को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। सरकारी गवाह बन जाना चाहिए, अन्यथा ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपराध दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

एड्स को लेकर किया जागरूक

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में सोमवार को एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।

संपूर्ण कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष भरनी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, सचिव मोतीलाल भंडारी, विधिक सलाहकार नागेंद्र शर्मा, प्रबंधक भावना सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य नीतू सिंह एवं उपप्राचार्य चांदनी अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रेड क्रॉस राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एसटीआई काउंसलर अभय ताम्रकार एवं उनके सहयोगी टीम टी जीवन एवं रश्मि सोनी के द्वारा छात्राओं को एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं भ्रांतियां को दूर करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। मंच संचालन रेड क्रॉस प्रभारी विनोद सोनवानी और आभार प्रदर्शन प्राचार्य ने किया।

पेज 3 के शेष

बिल देखकर उड़े होश, अब ...

रुपए, बलराम साहू के नाम पर 12,900 रुपए, अदालत लोधी के नाम पर 12,500 रुपए, जगराम रजक के नाम पर 11 हजार रुपए तथा चंदन सिंह और शत्रुघ्न राजपूत के नाम पर 10-10 हजार रुपए की राशि बताई गई है। भरत बर्मन के नाम पर 9 हजार और भकला साहू के नाम पर 8 हजार रुपए का बिल होने की जानकारी भी ग्रामीणों ने दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि ये केवल कुछ उपभोक्ताओं के उदाहरण हैं। अन्य उपभोक्ताओं की शिकायतें भी सामने आनी बाकी हैं। ऐसे में वास्तविक स्थिति जानने के लिए विभाग को व्यापक जांच करनी चाहिए। सवाल यही है कि ये बिल वास्तविक खपत के अनुरूप हैं या इनमें पुराने बकाया, मीटर रीडिंग अथवा बिलिंग संबंधी कोई त्रुटि है? इसका जवाब विभागीय जांच से ही सामने आएगा।

सप्ताहभर का अल्टीमेटम, फिर सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण: ग्रामीणों ने सहायक यंत्री नवीन वर्मा को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में अधिक राशि वाले बिलों की जांच, बिलिंग संबंधी त्रुटियों का सुधार, उपभोक्ताओं को गणना की स्पष्ट जानकारी और बिजली आपूर्ति में सुधार शामिल हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयसीमा में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। अब बिजली विभाग के सामने चुनौती केवल शिकायतें सुनने की नहीं, बल्कि जांच के जरिए उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान करने की भी है। अब देखना यह है कि विभाग एक सप्ताह के भीतर बिलों की गुत्थी सुलझाता है या ग्रामीणों का आक्रोश प्रदर्शन का रूप लेता है।

शशिप्रभा का सरकार पर ...

प्रभावित उपभोक्ता के बिल की जांच कराई जाए। गायकवाड़ ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

पी.व्ही. ऐप के विरोध ....

भीतर पदोन्नति का प्रावधान है, जबकि पटवारियों के लिए अब तक ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं बनाई गई है। इससे कर्मचारियों के सेवा संबंधी हित प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में ग्रेड पे 2200 रुपये से बढ़ाकर 2400 रुपये किए जाने के बाद वेतन निर्धारण में गंभीर विसंगति उत्पन्न हो गई। इसके कारण कई कर्मचारियों का मूल वेतन अपेक्षित रूप से बढ़ने के बजाय कम हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकला है। पटवारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने से राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित होने लगा है। यदि हड़ताल लंबी खिंचती है तो भूमि संबंधी प्रक्रियाओं और विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए प्रतिवेदन तैयार कराने वाले लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

सतनामी समाज की ...

बाद 17 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, 18 अक्टूबर को निर्वाचन एवं मनोनयन की प्रक्रिया संपन्न कराने की योजना है। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से जिला इकाई और विभिन्न प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

समाज को मजबूत बनाने की अपील: जिला अध्यक्ष राजलाल बंजारे ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओं से सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी से संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने समाजहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नई जिला कार्यकारिणी के गठन में सहभागिता निभाने का आह्वान किया, ताकि समाज को नई दिशा देने और बेहतर उपलब्धियां हासिल करने के लिए योग्य प्रतिनिधियों का चयन किया जा सके।

साइबर अपराध, महिला ...

बाद 17 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, 18 अक्टूबर को निर्वाचन एवं मनोनयन की प्रक्रिया संपन्न कराने की योजना है। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से जिला इकाई और विभिन्न प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

समाज को मजबूत बनाने की अपील: जिला अध्यक्ष राजलाल बंजारे ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओं से सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी से संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने समाजहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए नई जिला कार्यकारिणी के गठन में सहभागिता निभाने का आह्वान किया, ताकि समाज को नई दिशा देने और बेहतर उपलब्धियां हासिल करने के लिए योग्य प्रतिनिधियों का चयन किया जा सके।

हाई सिक्युरिटी नंबर ...

छेड़छाड़ कर वाहन की पहचान छिपाई जा सकती है। ऐसे में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की गई है, ताकि वाहनों की पहचान अधिक विश्वसनीय हो और अपराधों की जांच में मदद मिल सके। इसके बावजूद बड़ी संख्या में पुराने वाहनों में अब तक यह प्लेट नहीं लग पाई है।

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दीपावली पर्व के दूसरे दिन मनाए जाने वाले गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक/सामान्य अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन प्रेषित किया गया है।

संगठन के प्रांताध्यक्ष भानु प्रताप यादव के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल तथा मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन प्रेषित कर मांग की गई है कि दीपावली के दूसरे दिन अर्थात गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित करने की अधिसूचना जारी की जाए। संगठन ने कहा कि दीपावली हिंदू समाज का प्रमुख एवं व्यापक रूप से मनाया जाने वाला पर्व है।

दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जाती है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। इस अवसर पर परिवार एवं समाज के लोग धार्मिक अनुष्ठानों, पारंपरिक पूजा-पद्धतियों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। अनेक स्थानों पर गोवर्धन पूजा से जुड़ी पारंपरिक लोक-परंपराओं का भी आयोजन किया जाता है।

निगम के जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण के उपायुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनदर्शन में नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 13 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे, जबकि 3 आवेदन विभिन्न मांगों को लेकर प्रस्तुत किए गए।

निगम आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में उपायुक्त नरेंद्र कुमार बंजारे उपस्थित रहे। इस दौरान निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं और उनके निराकरण के लिए आवेदन सौंपे। जनदर्शन में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण करने तथा संबंधित विभागों के माध्यम से शीघ्र निराकरण सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना नगर निगम की प्राथमिकता है। प्रत्येक आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिकों को अपनी मांगों और शिकायतों को सीधे निगम प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर देने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को मुख्य कार्यालय में जनदर्शन आयोजित किया जाता है। इसके माध्यम से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के पास भेजकर उनका परीक्षण कराया जाता है और नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। निगम प्रशासन का कहना है कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं और मांगों के निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधियों से मारपीट सुरक्षा के लिए पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

दुर्ग।अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की केंद्रीय कार्य परिषद बारामती महाराष्ट्र में हुई। बैठक में दुर्ग जिले के भी प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में 27 सितंबर को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के मुख्य सभागार में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पश्चिम बंगाल इकाई द्वारा एक परिचय वर्ग का आयोजन किया गया था। संगठन द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए संस्थान के प्रशासन से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त की गई थी तथा निर्धारित आवश्यक शुल्क भी जमा किया गया था। प्राप्त विवरण के अनुसार कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा सभागार में प्रवेश कर विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई।

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 जेएनयू मामले को लेकर कांग्रेस भवन पहुंचा ...



02 30% से ज्यादा ऐसे आवास, जिनका हो रहा कमर्शियल ...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782
Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

जिले में 16.50 लाख रुपए के 80 गुम मोबाइल लौटाए, खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

अब तक 892 मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंप चुकी है बेमेतरा पुलिस

जिले में गुम मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेमेतरा पुलिस ने 80 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 16 लाख 50 हजार रुपये है। लंबे समय से गुम मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की पतासाजी के लिए सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों से मोबाइल फोन बरामद किए गए। अभियान को सफल बनाने में साइबर नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेरला रुचि वर्मा के मार्गदर्शन में साइबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **अब तक 1.50 करोड़ के मोबाइल बरामद:** बेमेतरा पुलिस के अनुसार, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अब तक जिले में 892 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 50 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से उन लोगों को राहत मिली है, जिन्होंने मोबाइल गुम होने के बाद उसे दोबारा पाने की उम्मीद छोड़ दी थी।

- सीईआईआर पोर्टल से मिली सफलता



गुम मोबाइल की तत्काल करें शिकायत

एसपी त्रिलोक बंसल ने आम नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल अथवा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे मोबाइल की तकनीकी माध्यमों से पतासाजी कर उसे बरामद करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य अपराधों पर नियंत्रण के साथ आम नागरिकों की खोई हुई संपत्ति को सुरक्षित वापस लौटाना भी है। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, बेमेतरा थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

मांग : सहायक यंत्री नवीन वर्मा को सौंपा ज्ञापन, सप्ताहभर में कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

पेंड्री के ग्रामीणों का बिल आया 90 हजार, सहायक यंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

घर में बिजली रहे या न रहे, बिल देखकर उपभोक्ता को जरूर झटका लग रहा है। पेंड्री गांव में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक राशि के बिजली बिल मिलने की शिकायतों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। किसी उपभोक्ता के नाम 90 हजार रुपए तो किसी के नाम 45 हजार रुपए का बिल बताया जा रहा है। दूसरी ओर अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी अलग बढ़ा रखी है। ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि जब बिजली आपूर्ति ही नियमित नहीं है, तो बिलों में इतनी बड़ी राशि आखिर किस आधार पर आ रही है?

इसी नाराजगी को लेकर जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ के नेतृत्व में ग्रामीण नवागढ़ में बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे और घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं। सहायक यंत्री नवीन वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बिलों की जांच, बिजली आपूर्ति में सुधार और शिकायतों के निराकरण की मांग की गई। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदर्शन किया जाएगा।

- किसी के नाम 90 हजार तो किसी के 45 हजार रुपए का बिल





शशिप्रभा का सरकार पर निशानाः जनता को राहत चाहिए

जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार की बिजली व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती और अधिक राशि के बिलों की शिकायतें आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रही हैं। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और प्रत्येक ⏭ शेष पेज 02 पर

बिल देखकर उड़े होश, अब जवाब मांग रहे उपभोक्ता

ग्रामीणों की ओर से उपलब्ध कराई गई सूची में कांति बाई मानिकपुरी के नाम पर 90 हजार रुपए, रामबती साहू के नाम पर 45 हजार रुपए तथा नेतराम साहू और दौवा राम राजपूत के नाम पर 40-40 हजार रुपए की बिल राशि बताई गई है। मीरा बाई के नाम पर 29 हजार रुपए, शिवनंदन लोधी के नाम पर 23,860 रुपए और नोहर लोधी के नाम पर 20,780 रुपए का बिल बताया गया है। इसके अलावा धनेश्वर लोधी के नाम पर 18,600 ⏭ शेष पेज 02 पर

पी.व्ही. ऐप के विरोध में पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

राजस्व कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज. बेमतरा/थान खम्हरिया

नए राजस्व पी.व्ही. ऐप से मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर थान खम्हरिया तहसील के सभी 21 हल्कों के पटवारी मंगलवार 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर पटवारी जिला मुख्यालय बेमेतरा के जय स्तंभ चौक पर धरना देकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारियों की हड़ताल से भूमि सीमांकन, जमीन की बिक्री संबंधी नकल, नक्शा, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के प्रतिवेदन सहित विभिन्न राजस्व कार्य प्रभावित हुए हैं। इसका खामियाजा किसानों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। राजस्व संबंधी काम कराने पहुंचे लोगों को परेशान होकर लौटना पड़ रहा है। तहसील पटवारी संघ की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों को हड़ताल की सूचना देते हुए बताया कि पटवारी पी.व्ही. ऐप में आ रही मैदानी समस्याओं के साथ अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष निर्जल कुमार डिंडौरे के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में थान खम्हरिया तहसील के सभी 21 हल्कों के पटवारी शामिल हुए।

- जिला मुख्यालय में धरने पर बैठे, पदोन्नति और वेतन विसंगति दूर करने की भी मांग

ऐप में मैदानी दिक्कतों का आरोप

पटवारी संघ के अनुसार, नए राजस्व पी.व्ही. ऐप के माध्यम से खेतों के चारों ओर से फसल सर्वे किया जाना है। इस प्रक्रिया में पटवारियों को मैदानी स्तर पर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने ऐप की कार्यप्रणाली में विसंगतियां होने का आरोप लगाते हुए राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को सौंपे गए ज्ञापन में भी इन समस्याओं का उल्लेख किया है। संघ का कहना है कि मैदानी कठिनाइयों का समाधान किए बिना सर्वे कार्य कराने से व्यावहारिक दिक्कतें बढ़ रही हैं।

पदोन्नति और वेतन विसंगति दूर करने की मांग

पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में विभागीय पदोन्नति के लिए समय-सीमा निर्धारित करना, समयमान वेतनमान का लाभ देना और वेतन विसंगति दूर करना शामिल है। तहसील संघ अध्यक्ष श्वेता मिश्रा और पटवारी रोशन जांगड़े के अनुसार, अन्य विभागों में तीन से सात वर्ष के ⏭ शेष पेज 02 पर

खबर संक्षेप

वाहन खड़े करने को लेकर विवाद, मारपीट

भिलाई। घर के सामने वाहन खड़े करने को लेकर महिला व उसके भाई के साथ हाथ मुक्कों से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहा सिंह ने शिकायत की है कि वह अपने परिवार के साथ सुपेला में रहती है। उसका पड़ोसी सरजीत सिंह द्वारा उसके घर के गेट के सामने स्कूटी एवं बुलेट वाहन खड़ा किया गया था। वाहन को हटने के लिए बोलने पर सरजीत विवाद करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने अपने भाई गौतम सिंह को मौके पर बुलाया। गौतम सिंह ने गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। घटना में महिला के बाएं कंधे एवं छाती में कटने की चोट, भाई के बाएं बाजू में चोट आई है।

साइबर अपराध, महिला अधिकार और निःशुल्क विधिक सहायता की भी दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और समय पर उचित सहायता लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और भेदभाव को दूर कर प्रभावित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने पर जोर दिया गया।

- मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों पर विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता अभियान

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती सरोज नंद दास के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य से प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और जरूरतमंदों को विधिक सेवा संस्थाओं के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और साइबर अपराध होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका और शिकायत निवारण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। पात्र महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ⏭ शेष पेज 02 पर

सतनामी समाज की नई जिला कार्यकारिणी के लिए 18 को चुनाव, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला बेमेतरा में संगठनात्मक विस्तार और नई जिला कार्यकारिणी के गठन की तैयारी तेज हो गई है। समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों सहित अन्य पदों के निर्वाचन एवं मनोनयन के लिए 18 अक्टूबर 2026, रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन वार्ड क्रमांक 1, पिकरी, बहुनवागांव रोड स्थित गुरु बालकदास स्मृति स्थल सतनाम धाम में होगा। जिला अध्यक्ष राजलाल बंजारे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. कौशले, प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी और प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजली बरमाल शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्रोपती जोशी एवं शकुंतला डांडे की भी उपस्थिति रहेगी।

- 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान, 17 को नामांकन; सतनाम धाम में जुटेंगे प्रदेश पदाधिकारी

सदस्यता से नामांकन तक की समय-सीमा तयः संगठन की सदस्यता के लिए 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसके ⏭ शेष पेज 02 पर

जिले में केवल 40 फीसदी पुराने वाहनों में लगी प्लेट

हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाने में सुस्ती, बिना प्लेट सड़कों पर दौड़ रहे पुराने वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

वाहनों की चोरी और नंबर प्लेट बदलकर किए जाने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन बेमेतरा जिले में यह अभियान रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। स्थिति यह है कि हजारों पुराने वाहन अब भी सामान्य नंबर प्लेट के सहारे सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिले में अब तक करीब 40 प्रतिशत पुराने वाहनों में ही हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाई जा सकी है।

वाहन चालकों की उदासीनता के साथ ही संबंधित कंपनी की धीमी कार्यप्रणाली भी अभियान की रफ्तार में बाधा बन रही है। शुरुआती दौर में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगवाने को लेकर वाहन चालकों में उत्साह दिखाई दिया था, लेकिन अब यह प्रक्रिया काफी धीमी पड़ गई है। इक्का-दुक्का वाहन चालक ही प्लेट लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं, पुराने वाहनों में प्लेट लगाने की जिम्मेदारी संभाल रही कंपनी की ओर से भी अभियान को गति देने के प्रयास प्रभावी नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में शासन की मंशा के अनुरूप सभी पुराने वाहनों को हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट से लैस करने का लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। वाहनों की पहचान सुनिश्चित करने और नंबर प्लेट में हेराफेरी कर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट महत्वपूर्ण मानी जाती है। सामान्य नंबर प्लेट को आसानी से बदलकर या उसमें ⏭ शेष पेज 02 पर

2019 के बाद के नए वाहनों में पहले से व्यवस्था

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 के बाद खरीदे गए नए वाहनों का पंजीयन हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के साथ किया जा रहा है। ऐसे वाहनों में अलग से प्लेट लगवाने की जरूरत नहीं है। वहीं, वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत और सामान्य नंबर प्लेट वाले वाहनों में निर्धारित शुल्क लेकर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। जिले में पुराने वाहनों में प्लेट लगाने की जिम्मेदारी एक कंपनी को सौंपी गई है, लेकिन इसकी धीमी प्रगति के कारण बड़ी संख्या में वाहन अब भी इस व्यवस्था से बाहर हैं।

कार्रवाई नहीं होने से वाहन चालक बेपरवाह

जिले में ट्रक, मेटाडोर, बस, जीप, कार और मोटरसाइकिल सहित लाखों वाहन पंजीकृत हैं। इनमें वर्ष 2019 के बाद खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की व्यवस्था पहले से है, जबकि पुराने वाहनों में इसे लगाने का काम जारी है। इसके बावजूद हजारों वाहन सामान्य नंबर प्लेट के साथ सड़कों पर चल रहे हैं। वाहन चालकों के बीच इस मामले में गंभीरता की कमी का एक बड़ा कारण कार्रवाई का अभाव भी माना जा रहा है। हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वालों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोग इसे प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब व्यवस्था का उद्देश्य वाहनों की पहचान सुरक्षित करना और अपराधों पर अंकुश लगाना है, तो अभियान में तेजी लाने के लिए जिम्मेदार विभाग और संबंधित कंपनी की ओर से प्रभावी पहल क्यों नहीं की जा रही है।

खबर संक्षेप



निर्माणाधीन मकान से चोरी, कबाड़ी गिरफ्तार

भिलाई। निर्माणाधीन से चोरी करने के मामले में कबाड़ी के पास से कॉपर वायर बरामद कर उसे पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि मो. आजाद ने शिकायत किया था कि उसके निर्माणाधीन मकान से बिजली वायर, 7 बंडल कॉपर वायर, नल की टोटियां चोरी करने के मामले में चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी पावर हाउस निवासी मनोज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। वहीं दो विधी बालको से पूछताछ किया जा रहा है। कॉपर वायर को तीन अन्य चोरियों के कॉपर वायर के साथ 40 हजार रुपये में बेचने की जानकारी सामने आई। घटना बालाजी चौक, कृष्णा नगर, देवांगन होटल के पास स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिजली वायर, कॉपर वायर, नल की टोटियां चोरी हुई थी। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी लोकेश ठाकुर, समीर कुमार डहरे से पूछताछ की जा रही है।

स्टोर रूम में चोरी करने वाले पकड़ाए

भिलाई। स्टोर रुम से सामान पार करने वाले दो विधि बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दो अपचारी बालको को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने टुल्लू मशीन, कटर मशीन, लोहे की हथौड़ी, साइकिल, सब्बल एवं अन्य औजार जब्त किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने बालकों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। दोनों बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है।

म्यूल अकाउंट रकम ट्रांसफर करने वाला पकड़ाया



भिलाई। देशभर में म्यूल खाते के रकम का ट्रांसफर कर साइबर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बंधन बैंक के 172 खातों के दुरुपयोग से जुड़े प्रकरण में गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने अपराध कायम किया। इस मामले में पुलिस ने अब तक 33 आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके है। सुपेला में बंधन बैंक के 172 खाताधारकों से साइबर ठगी के प्रकरण में बैंक खातों का उपयोग देश के राज्यों में साइबर ठगी से मिले रकम को जमा करने और ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। जांच में शंकर पारा, शीतला तालाब के पास, अम्बे चौक, सुपेला निवासी प्रकाश मंगराज को पकड़ा गया है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को उपलब्ध न कराएं। कमीशन या अन्य आर्थिक लाभ के लालच में अपना बैंक खाता अन्य व्यक्ति को उपयोग करने के लिए देना साइबर अपराध की श्रेणी में आता है।

भिंभौरी कॉलेज में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भरा मतदाता पंजीयन फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने शिविर

लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार, 13 अक्टूबर को नवीन शासकीय महाविद्यालय भिंभौरी में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन फॉर्म भरे। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी जीएस भारद्वाज ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने आवेदन के साथ दसवीं की अंकसूची, माता-पिता के मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड की छायाप्रतियां जमा कीं। शिविर में विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ मताधिकार के महत्व से भी अवगत कराया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में निबंध लेखन, पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मताधिकार के प्रति जागरूकता और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को रचनात्मक तरीके से लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का अवसर प्रदान किया।



बीएलओ ने किया मार्गदर्शन

शिविर में बूथ क्रमांक 268 की बीएलओ यशोदा वर्मा, बूथ क्रमांक 269 की बीएलओ गजरा यादव, बूथ क्रमांक 270 के बीएलओ हंस वर्मा और बूथ क्रमांक 271 की बीएलओ उमा सोनी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को फॉर्म-6 भरने तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने में सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

विरोध : महिला सम्मान भाषणों तक सीमित नहीं, कांग्रेस तय करे जवाबदेही: प्रज्ञा निर्वाणी

जेएनयू मामले को लेकर कांग्रेस भवन पहुंचा भाजपा महिला मोर्चा, सांसद के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जेएनयू में छात्राओं के कथित यौन शोषण और दुर्व्यवहार के मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करने और संबंधित सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद के इस्तीफे की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की बात केवल राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। नेताओं के आचरण और व्यवहार में भी इसकी झलक दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े गंभीर आरोपों पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। महिला मोर्चा इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगा और महिलाओं की आवाज उठाता रहेगा।

जेएनयू मामले में कांग्रेस नेतृत्व को घेरा

प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा ने मणिपुर से कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम से जुड़े जेएनयू में 11 छात्राओं के कथित यौन शोषण और दुर्व्यवहार के मामले का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगा। कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मामले की स्थिति और सांसद की भूमिका पर स्पष्टीकरण देने की मांग की। नगर पंचायत थान खम्हरिया की अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि में देशभर में कन्या पूजन और कन्या भोज के माध्यम से बेटियों का सम्मान किया जाता है। ऐसे समय में सांसद से जुड़े कथित मामले पर कांग्रेस नेतृत्व को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी संबंधित सांसद का बचाव कर रहे हैं। वहीं, निशा चौबे ने नारेबाजी करते हुए सांसद के इस्तीफे की मांग की।

महिला मोर्चा की नेत्रियां रहीं मौजूद

प्रदर्शन में पूर्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू, नीतू कोठारी, प्रेमलता पिंकी नेमा, निशा चौबे, उमेश्वरी साहू, प्रवक्ता अनिता चंदन अग्रवाल और रजनी चौबे शामिल रहीं। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष रेखा शर्मा, रीना राजपूत, कल्याणी साहू, रेखा पोषण वर्मा, मनीता साहू, ममता साहू और मीनू पटेल सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने मामले में निष्पक्ष जांच, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

एनएमएमएस परीक्षा के फॉर्म भरना शुरू, 23 को अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2026-27 के लिए बेरला के कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आवेदन शुरू हो गए हैं। विद्यार्थियों को विद्यालय में 23 अक्टूबर तक फॉर्म जमा करना होगा, जबकि प्रधानपाठक के माध्यम से परीक्षा केंद्र में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। टेक्निकल टीम प्रमुख सुरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त और स्थानीय निकाय के विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

- बेरला में पांच साल से चल रही तैयारी, टीम के मार्गदर्शन में तीन वर्षों से 55-60 विद्यार्थी हो रहे चयनित

इसके लिए कक्षा सातवीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। एससी-एसटी विद्यार्थियों को पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 का मूल आय प्रमाणपत्र, सातवीं की अंकसूची, आधार कार्ड और जाति प्रमाणपत्र की प्रमाणित छायाप्रति जमा करनी होगी।

12 दिसंबर को होगी परीक्षा

परीक्षा 12 दिसंबर को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 से 11:30 बजे और दूसरी दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है। केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आवासीय और निजी स्कूलों के विद्यार्थी इस योजना के पात्र नहीं हैं।

व्हाट्सएप से कराते हैं तैयारी

बेरला में टेक्निकल टीम पिछले पांच वर्षों से व्हाट्सएप के जरिए ऑनलाइन और ऑफलाइन तैयारी करा रही है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन तार्किक क्षमता और विषय आधारित ऑनलाइन टेस्ट लिंक दिए जाते हैं। पटेल के अनुसार, जिले की 68 सीटों में पिछले तीन वर्षों से टीम के मार्गदर्शन में तैयार लगभग 55 से 60 विद्यार्थी चयनित हो रहे हैं। टीम में सुरेंद्र पटेल, केवरा सेन, ओम प्रकाश साहू, रोमन साहू, चंद्र प्रकाश साहू, प्रकाश चंद्र साहू और जोगीराम वर्मा शामिल हैं। शिक्षक अपने घरों से इस अकादमिक अभियान का संचालन करते हैं। समूह में बेरला सहित अन्य विकासखंडों के विद्यार्थी भी जुड़े हैं।

डीएसपी कौशिल्या को दी विदाई
बिलासपुर में संभालेंगी नई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू का स्थानांतरण बिलासपुर की बालक विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा में होने पर पुलिस कार्यालय बेमेतरा में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित अधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

- जिले में साढ़े तीन साल के कार्यकाल में महिला-बालिका अपराधों के निराकरण में निभाई अहम भूमिका

जिले में करीब तीन साल छह माह के कार्यकाल के दौरान कौशिल्या साहू ने महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध गंभीर अपराधों के मामलों में प्रभावी पर्यवेक्षण और त्वरित निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी त्रिलोक बंसल ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से जनता का विश्वास जीता और जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन किया। एएसपी डॉ. हरीश यादव ने कानून-व्यवस्था में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं। कौशिल्या साहू ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों व अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया। एसडीओपी भुषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निरीक्षक सोनल ग्वाला, मयंक मिश्रा सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने किया तथा आभार एसडीओपी भुषण एक्का ने व्यक्त किया।

हड्डियां टूटने पर परिजन आक्रोशित, प्रसव के दौरान महिला के साथ अमानवीय व्यवहार को लेकर बैठी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



जिला अस्पताल के मदर-चाइल्ड यूनिट में प्रसव के दौरान लापरवाही के कारण नवजात की हालत बिगड़ गई और उसके शरीर की हड्डियां टूट गईं। जन्म के बाद से ही बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आक्रोशित परिजनों ने सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचकर अपना बयान दर्ज करवाया। मामले को लेकर परिजनों ने सिविल सर्जन डॉ. मनोज बनी के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

परिजनों के मुताबिक, पिछले 10 दिनों से बच्चा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। फिलहाल उसे एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखकर उपचार दिया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, नवजात का वजन करीब 3.8 किलोग्राम था। जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान कथित तौर पर लापरवाही बरती गई। उनका आरोप है कि प्रसव के बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई और उसके शरीर की हड्डियां टूट गई। परिवार का यह भी आरोप है कि प्रसव के दौरान महिला के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। सिविल सर्जन ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित करने की बात कही है। बताया गया है कि जांच में मदर-चाइल्ड यूनिट के चिकित्सकों को शामिल किया गया है।

पीएम श्री सेजेस कुम्हारी में 42 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

कुम्हारी। विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा विद्यालय तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत पीएम श्री सेजेस कुम्हारी में 42 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं समिति के सदस्य दीपक बैस की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजया श्रीवास्तव की उपस्थिति में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई।

इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

ताम्रध्वज सिन्हा ने देहदान का लिया संकल्प

पाटन। मानवता, जनसेवा और चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने की दिशा में पुरातात्विक ग्राम तरीघाट निवासी ताम्रध्वज सिन्हा ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह निर्णय न केवल चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाला है, बल्कि समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। ताम्रध्वज सिन्हा का कहना है कि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर समाज के काम आ सके, इससे बड़ा योगदान क्या हो सकता है। उन्होंने अपनी देह को जनता के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है, ताकि उनके शरीर का उपयोग चिकित्सा शिक्षा में किया जा सके और भावी चिकित्सक मानव शरीर की संरचना को बेहतर ढंग से समझ सकें। देहदान के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मानव शरीर की संरचना, विभिन्न अंगों और शारीरिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अध्ययन करने का अवसर मिलता है।

शास्त्री अस्पताल में कुत्ते फैला रहे मेडिकल वेस्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में कचरा प्रबंधन की समस्या सामने आ रही है। अस्पताल से निकलने वाले कचरे और ठोस अपशिष्टों का नगर निगम द्वारा नियमित उठाव नहीं किए जाने की शिकायत है। परिसर में जमा कचरे को आवारा कुत्ते इधर-उधर फैलाकर गंदगी बढ़ा रहे हैं। अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके परिजनों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों की भी आवाजाही रहती है। ऐसे में कचरे का समय पर उठाव नहीं होना और उसका पूरे परिसर में फैलना परेशानी का कारण बन गया है। अस्पताल में साफ-सफाई बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि यहां रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। कचरा उठाव में लापरवाही के कारण परिसर में गंदगी फैलने की स्थिति बनी हुई है। आवारा कुत्तों द्वारा कचरे को इधर-उधर खींचकर फैलाए जाने से समस्या और बढ़ रही है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन और ननि के बीच समन्वय बनाकर कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करना जरूरी है। अस्पताल से निकलने वाले कचरे का समय पर संग्रहण और उठाव होना चाहिए। साथ ही कचरे को खुले में रखने के बजाय सुरक्षित स्थान पर रखा जाना जरूरी है, ताकि आवारा पशु उसे फैला न सकें। अस्पताल से निकलने वाले सामान्य कचरे और जैव चिकित्सा अपशिष्ट का पृथक प्रबंधन भी आवश्यक है।

- अस्पताल के वार्डों में ठोस अपशिष्टों का उठाव नहीं होने से बढ़ी

मां दुर्गा के दरबार में श्रद्धालुओं का उत्साह, सिंधी व्यंजनों का भोग और फलाहारी प्रसाद वितरण भी विशेष आकर्षण

सिंधी कॉलोनी में 20 साल से जारी धार्मिक प्रश्नोत्तरी, सही जवाब देने वालों को मिलते हैं आकर्षक पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

सिंधी कॉलोनी में विराजित मां दुर्गा के दरबार में नवरात्र पर्व के दौरान धार्मिक आस्था के साथ ज्ञान और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहां संध्याकालीन आरती के बाद प्रतिदिन आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विजेताओं को माता रानी के आशीर्वाद स्वरूप आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

पिछले 20 वर्षों से निरंतर जारी यह आयोजन श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ाने के साथ धर्म के प्रति जागरूकता का माध्यम भी बना हुआ है। सिंध दुर्गोत्सव समिति के सदस्य नारायण छाबड़ा ने बताया कि धार्मिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और धार्मिक परंपराओं से जुड़ी जानकारियां प्राप्त होती हैं। इस वर्ष आयोजित प्रश्नोत्तरी में संजना संतवाणी पहली विजेता और अखिलेश तिवारी दूसरे विजेता बने हैं। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को दिए जाने वाले आकर्षक पुरस्कार स्वर्गीय बसंत माल मोटवानी की स्मृति में उनके सुपुत्र रवि मोटवानी द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं।



सिंधी व्यंजन का लगेगा भोग

नारायण छाबड़ा ने बताया कि नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा को समर्पित विशेष भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी व्यंजन चेहरा ढोढा (नमकीन रोटी), चटनी और चाय का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति द्वारा प्रतिदिन भक्तों के लिए अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

पंचमी पर मां काली का विशेष श्रृंगार

पंचमी के अवसर पर मां काली को समर्पित विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन भक्तों को फलाहारी प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के अनुसार, फलाहारी प्रसाद की सेवा पिछले 20 वर्षों से दुर्ग निवासी अशोक छातीजा द्वारा की जा रही है। धार्मिक प्रश्नोत्तरी, विशेष भोग और प्रसाद वितरण जैसे आयोजनों के माध्यम से समिति नवरात्र पर्व को श्रद्धा, सेवा और धार्मिक जागरूकता के साथ मना रही है।

